दिनांक : 29.01.2025 समय : 02.10 pm

महाकुंभ अमृत स्नान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रयागराज के महाकुंभ की स्थिति की लगातार जानकारी ले रहे हैं। आज महाकुंभ में मौनी अमावस्या का अमृत स्नान हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने स्थिति की जानकारी लेने के लिए उनसे कई बार बात की है। उन्होंने कहा कि कल रात एक से दो बजे के बीच अखाडा मार्ग पर अवरोध पार करते समय अनेक श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गये। श्री योगी ने कहा उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। उन्होंने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की है। इस बीच **महाकुंभ-रेलवे**

रेलवे प्रशासन ने सोशल मीडिया पर चल रही उन अफवाहों का खंडन किया है, जिनमें कहा जा रहा है कि महाकुंभ के लिए कुछ विशेष ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रसार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने इन खबरों को पूरी तरह से निराधार और भ्रामक बताया।

जापान मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत और जापान के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध तेजी से प्रगाढ़ हो रहे हैं। मध्यप्रदेश इस साझेदारी को सुदृढ़ करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री जापान की चार दिन की यात्रा पर है ।उन्होंने कहा कि निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने के लिये जापान के विदेश मंत्री, निवेशकों, जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (JETRO), केडानरेन संस्था के अध्यक्ष तथा कई निजी निवेशकों से सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि जापान यात्रा का उद्देश्य केवल निवेश तक सीमित नहीं है बल्कि जापान की समृद्ध संस्कृति और बौद्ध धर्म के प्रति सम्मान प्रकट करना भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की कि भारत और जापान की यह साझेदारी नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध के आशीर्वाद से दोनों देश प्रगति और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ेंगे।

बीटिंग रिट्रीट

गणतंत्र दिवस समारोहों का समापन आयोजन बीटिंग रिट्रीट आज नई दिल्ली में संपन्न होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य केंद्रीय मंत्री इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। भोपाल में भी आज शाम साढ़े चार बजे लाल परेड ग्राउंड में बीटिंग रिट्रीट समारोह का आयोजन होगा। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगु भाई पटेल भी मौजूद रहेंगे। इसमें पुलिस के बरस और पाइप बैंड के प्रदर्शन के साथ आतिशबाजी भी होगी।

नर्मदा आस्था

खरगोन जिले के बड़वाह में नर्मदा नदी के नावघाट खेडी में आज मौनी और माघ अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने कुंभ की तर्ज पर आस्था की डूबकी लगाई। सुबह से ही नर्मदा घाट पर श्रद्धालुओ की भीड उमड रही है। मां नर्मदा और भगवान शिव का पूजा-पाठ कर श्रदालु

दानपुण्य कर रहे है। इसी तरह होशंगाबाद, नेमावर , मंडला आदि स्थानों पर भी बड़ी संख्या में लोगों ने नर्मदा स्नान किया ।

मौसम

प्रदेश में पिछले 4 दिन से ठंड का असर तेज है। खासकर रात और सुबह तेज सर्दी पड़ रही है। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों में तेज सर्दी से राहत मिलने की उम्मीद जतायी है।

समाचार संक्षेप

1. इंदौर के गांधी हाल में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने डाक प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। ये विशेष प्रदर्शनी भारतीय डाक विभाग द्वारा देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर लगायी गई है।

2. खंडवा के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के नवीन व नवीनीकरण के अनुसूचित जाति, जनजाति के विद्यार्थियों हेतु एमपीटॉस पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन से वंचित रहे पात्र विद्यार्थियों के आवेदन करने हेतु पोर्टल पुनः 31 जनवरी 2025 तक खोला गया है।

3. शिवपुरी जिले में सांसद खेल प्रतियोगिता 30 जनवरी से शुरू होगी। प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले युवक–युवतियों की आयु 15 से 35 वर्ष की मध्य होनी चाहिए। आयु की गणना 1 जनवरी 2025 से की जायेगी।

4. झाबुआ में आज जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है ।